मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 11/02/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 85/2026
11 फरवरी 2025
झारखंड विधान सभा, रांची
============================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से शिवरात्रि महोत्सव समिति बैद्यनाथधाम-देवघर के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात।
============================

★ महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित शिव बारात में सम्मिलित होने हेतु मुख्यमंत्री को किया सादर आमंत्रित।
============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड विधान सभा में शिवरात्रि महोत्सव समिति बैद्यनाथधाम-देवघर के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आगामी 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर देवघर में आयोजित होने वाले भव्य शिव बारात कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को शिव बारात आयोजन से संबंधित की जा रही तैयारियों से अवगत कराया तथा मुख्यमंत्री से सपरिवार कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आग्रह किया।

इस अवसर पर विधायक देवघर श्री सुरेश पासवान, शिवरात्रि महोत्सव समिति बैद्यनाथधाम-देवघर के अध्यक्ष श्री अभिषेक आनंद झा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

###

==========================

TeamPRD(CMO)